<u>**प्रेस को सूचना विज्ञप्ति (प्रेस विज्ञप्ति संख्या *48/2021*)**</u>

तत्काल प्रकाशन के लिए

<u>**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**</u>

भादूविप्रा ने "आपदाओं/गैर-आपदाओं के दौरान कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित एसएमएस और सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट के लिए टैरिफ संबंधी मुद्दों" पर एक परामर्श पत्र जारी किया है।

नई दिल्ली, 3 नवंबर, 2021: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आज "आपदाओं/गैर-आपदाओं के दौरान कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित एसएमएस और सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट के लिए टैरिफ संबंधी मुद्दों" पर एक परामर्श पत्र जारी किया है।

2. दूरसंचार विभाग ने भादूविप्रा से अनुरोध किया है कि वह आपदाओं/गैर-आपदाओं के दौरान सीएपी प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीएसपी द्वारा प्रसारित किए जाने वाले एसएमएस और सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट/संदेशों के लिए टैरिफ प्रदान करें। डीओटी केवल एक निश्चित अवधि के लिए और जहां एनईसी/एनसीएमसी/एसईसी/नोडल प्राधिकरणों से मुफ्त संदेशों के लिए विशिष्ट अनुरोध आता है उन आयोजनों के लिए, एसएमएस/सेल ब्रॉडकास्ट की अनुमति देता है। हालांकि, ऐसे अवसर होते हैं जब सरकार संभावित आपदा या अवसरों के बारे में जनता को चेतावनी संदेश भेजना चाहती है जहां जनता को राहत/वैक्सीन/चिकित्सा शिविर/विशिष्ट कानून और व्यवस्था से संबंधित स्थितियों आदि, जैसे विशेष आयोजनों के बारे में सूचित किया जाना है।

3. इस परामर्श पत्र का उद्देश्य आपदाओं/गैर-आपदाओं के दौरान सीएपी प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीएसपी द्वारा प्रसारित एसएमएस/सेल ब्रॉडकास्ट के लिए टैरिफ पर हितधारकों के विचारों को जानना और उन तकनीकी पहलुओं को समझना है जो सेवा की लागत पर प्रभाव डाल सकते हैं।

4. परामर्श प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, परामर्श पत्र भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। 01 दिसंबर 2021 तक हितधारकों से परामर्श पत्र पर लिखित टिप्पणियां आमंत्रित की जाती हैं। प्रति-टिप्पणियां, यदि कोई हो, 15 दिसंबर 2021 तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। वह टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ, यदि कोई हों, ई-मेल पते advfeal@trai.gov.in पर, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, भेजी जा सकती हैं। टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर प्रदर्शित की जाएंगी।

5.किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए, श्री कौशल किशोर, सलाहकार (वित्त और आर्थिक विश्लेषण) से टेली. क्र. +91-11-232307521/23236650 (फैक्स) पर संपर्क किया जा सकता है।

6. परामर्श पत्र का पूरा पाठ भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।

RAGHUNANDAN VARTHAKAVI
Digitally signed by RAGHUNANDAN VARTHAKAVI
Date: 2021.11.08 17:49:54 +05'30'

(वी. रघुनंदन)
सचिव (भादूविप्रा)